गांवों की खुशहाली का रास्ता कृषि एवं पशुपालन से होकर गुजरता है-डॉ अरुण कुमार

कौशांबी में तीन दिवसीय ग्राम गौरव उत्सव एवं कृषक मेले का आयोजन

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर ने भी कृषक मेले में लगाई प्रदर्शनी

बीकानेर/ कौशांबी, 9 नवंबर। मेड़ई कल्याण सेवा ट्रस्ट, प्रधान कार्यालय, देवरा पट्टी नरवर, कौशांबी , (उ प्र) की ओर से 9-11 नवंबर तक तीन दिवसीय ग्राम गौरव उत्सव एवं कृषक मेले का आयोजन किया गया।उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के कृषि , उद्यानिकी व पशुपालन राज्य मंत्री , स्वतंत्र प्रभार, दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि उद्यानों एवं बागवानी से प्राप्त उत्पादों का मूल्य संवर्धन कर कृषक अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कौशांबी में भी कृषि व उद्यानिकी को प्रोत्साहन देने की बात कही। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि गांवों की समृद्धि एवं खुशहाली का रास्ता कृषि एवं पशुपालन से होकर गुजरता है। अतः इन दोनों कार्यों में उन्नत तकनीकों का उपयोग कर किसानों की आय में बेहतरीन इजाफा कर सकते है। उन्होंने कहा कि इस विज्ञान मेले में राजस्थान के दो कृषि विश्वविद्यालयों ने प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों के हित में नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया है। कृषक इनका ज्यादा से ज्यादा उपयोग कर उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं। समारोह के दौरान स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय , बीकानेर के प्रसार शिक्षा, निदेशक डॉ.पी एस शेखावत व कृषि विज्ञान केंद्र पोकरण के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवम अध्यक्ष डॉ दशरथ प्रसाद मौजूद रहे व स्टॉल लगाकर विश्वविद्यालय की तकनीकी का प्रदर्शन किया।